रविवासरीय
हिन्दुस्तान
रविवार
14 दिसंबर 2025, बरेली
● पांच प्रदेश ● 23 संस्करण
भरोसा नए हिन्दुस्तान का


**PAGE NO 8 : MIDDLE**

# यूपी की टीम ने बहाया पसीना

## यूपी अंडर-19 टीम के हेड कोच और मैनेजर ने जताया टीम की जीत का पूरा भरोसा

**कूच बिहार ट्रॉफी**

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम को बीसीसीआई ने तीसरी बार घरेलू क्रिकेट मैच की मेजबानी दी है। यहां 16 से 19 दिसंबर तक कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 का मैच यूपी बनाम बंगाल के बीच खेला जाएगा। मैच के लिए एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पूरी तरह तैयार हो चुका है। शनिवार को यूपी की टीम ग्राउंड पहुंची और सभी ने हेड कोच ध्रुव सिंह की निगरानी में प्रैक्टिस करते हुए सर्दी में पसीना बहाया।

टीम के कोच व मैनेजर ने 19 प्वाइंट्स के साथ अपनी पोजीशन को अच्छा बताया। बताया कि बंगाल को हराने के बाद हम क्वार्टर फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएंगे। इसीलिए हमारा पूरा ध्यान बंगाल के खिलाफ मैच जीतने पर है। टीम के सभी खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं। फास्ट बालर आयान ने टूर्नामेंट में अब तक नियंत्रित बालिंग की है और 24 विकेट लिए हैं। भव्य गोयल अच्छी बैटिंग कर रहे हैं। अनमोल नौशरन के बैट से निरंतर रन निकल रहे हैं। भावी शर्मा और कार्तिकेय शर्मा भी अच्छा खेल रहे हैं। सभी खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में हैं और अपने स्कोर को 80 तक पहुंचा रहे हैं। हमारी कोशिश होगी कि खिलाड़ी इसे 100 में बदलने की कोशिश करें। ऐसा होने पर हमारी जीत निश्चित है। यूपी टीम के मैनेजर विनय कुमार ने अभ्यास सत्र को अच्छा बताया और ग्राउंड की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अच्छी विकेट पर अभ्यास करने का मौका मिला। अभ्यास सत्र अच्छा रहा अभी दो दिन और अभ्यास के लिए हमारे पास हैं। हमारे खिलाड़ी इसका भरपूर फायदा उठाएंगे।



एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास करते यूपी अंडर-19 टीम के खिलाड़ी।

### बीसीसीआई से आए पिच क्यूरेटर ने परखी तैयारी



बरेली। कूच बिहार ट्रॉफी के तीसरे मैच की तैयारियों को परखने के लिए बीसीसीआई ने पिच क्यूरेटर शिवकुमार यादव को बरेली भेजा। बरेली के मूल निवासी शिवकुमार ने पिच व अन्य चीजों को देखने के बाद आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना, पिच क्यूरेटर मोहम्मद यूसुफ, वरिष्ठ संयुक्त सचिव ओपी कोहली मौजूद रहे।